# फर्द अहकाम

जगदीश बनाम मांगीलाल वगैरह

नाम न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर
मुख्यालय-जयपुर

केस संख्या 19/2025

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से | विशेष टि |
|---|---|---|---|
| | 24/10/25 | अनुपस्थित रहा। अतः अन्तिम आदेश से पूर्व वादी की उपस्थिति मय अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर दिया जाता है। इसके उपरान्त भी आगामी तारीख पर वादी की ओर से उपस्थिति मय अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं होने पर ~~नियम~~ प्रकार का उचित निस्तारण कर दिया जावेगा। पत्रावली ~~नाति~~ उचित अग्रिम कार्यवाही अवलोकनार्थ दिनांक 03/11/25 को पेश हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर मुख्यालय-जयपुर | |
| | 03/11/25 | पत्रावली पेश हुई। वादी गण अधिवक्ता अनुपस्थित। वादी व वादी अधिवक्ता की न्यायालय कक्ष समाप्ति तक बार बार आवाज लगवाई गई। बार बार आवाज लगवाने के उपरान्त भी वादी गण अधिवक्ता अनुपस्थित रहा। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली कुरेजात रिपोर्ट प्राप्ति दिनांक 15/8/25 के क्रम में वादी की बहस कुरेजात रिपोर्ट हेतु नियत है। लगभग 05 माह की अवधि में वादी को बहस कुरेजात रिपोर्ट हेतु निरन्तर/अनेकानेक अवसर दिए जाते रहे हैं, परन्तु वादी की ओर से बहस प्रस्तुत नहीं की गई है तथा गत कई तारीख पेशियों से निरन्तर अनुपस्थित रहते हुए वादी आज भी अनुपस्थित है। जिससे मुझे स्पष्ट प्रतीत होता है कि वादी अब स्वयं ही प्रस्तुत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु इच्छुक नहीं है। इसी आशय से वादी गण निरन्तर तारीख पेशियों से अनुपस्थित रहते हुए आज भी अनुपस्थित है। अतः वाद वादी गण द्वारा खारिज किया जाता है। पत्रावली फुल शुमार होकर दर्ज नम्बर के कम हो। वाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) आमेर मुख्यालय-जयपुर | |